News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-62
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

अगर हम गिरते हैं तो अधिक अच्छी तरह चलने का रहस्य सीख जाते हैं।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 08 जून 2024



# सिलेबस पूरा नहीं होने पर पारा मेडिकल के छात्रों ने किया हंगामा

## प्रभारी प्राचार्या ने कहा..यह बिहार सरकार की गलती है, 30 की जगह 2 टीचर कैसे पूरा करेंगे कोर्स?

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुंगेर, सिलेबस पूरा नहीं होने पर मुंगेर में पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जमकर हंगामा मचाया। प्रभारी प्राचार्या ने छात्रों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 5 छात्रों को हिरासत में लिया। पांचों छात्रों को लेकर जब पुलिस थाने लेकर पहुंची तब थाना के बाहर छात्र हंगामा करने लगे। छात्रों का कहना था कि समय पर सिलेबस पूरा नहीं कराया जाता है जब इस संबंध में पूछा जाता है तब टीचर की कमी की बात की जाती है। जब सिलेबस पूरा नहीं होगा तो वो परीक्षा में क्या लिखेंगे? यही सवाल करने के लिए छात्र प्रभारी प्राचार्या के चैम्बर में गये हुए थे। छात्रों का कहना है कि इतनी गर्मी में कुलर तक छीन लिया गया है।





मुंगेर में पूरबसराय थाना क्षेत्र के हाजीसुजान स्थित पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट सह छात्रावास में छात्रों ने प्रभारी प्राचार्या के कार्यालय में जमकर हंगामा मचाया। छात्र शैक्षणिक सत्र के अनुरूप पढ़ाई पूरा नहीं होने की बात कह रहे थे। वही प्रभारी प्राचार्या शिक्षकों की कमी का रोना रो रही थी। वह छात्रों को यह समझाने का प्रयास कर रही थी कि विभाग से ही शिक्षक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है। सिर्फ 2 शिक्षक कैसे सिलेबस को पूरा करा सकते हैं। प्रभारी प्राचार्या विनीता मोहंथी ने हंगामा कर रहे छात्रों पर अपशब्द बोलने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस बात की सूचना प्रभारी प्राचार्या ने पूरबसराय थाने को दी।

सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस को देखकर छात्र हंगामा मचाने लगे। पुलिस ने छात्रों को जब वहां से खदेड़ा तब कई छात्र इधर-उधर भाग गए। लेकिन तीन छात्र वही रूके रहे जिन्हें पकड़कर पुलिस थाने ले गयी। जिसके बाद पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्र भी पूरबसराय थाने में पहुंच गये फिर वहां हंगामा मचाने लगे। इस दौरान मोबाइल पर वीडियो बनाते दो छात्रों को हिरासत में लिया गया। आक्रोशित छात्र हिरासत में लिए गए 5 छात्रों को छोड़ने की मांग पर अड़े थे और पूरबसराय थाने के बाहर हंगामा कर रहे थे।

करीब 3 घंटे तक पूरबसराय थाना के बाहर छात्रों का झुंड जमा रहा। सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ राजेश कुमार पूरबसराय थाना पहुंचे। पुलिस पदाधिकारी छात्रों को कैरियर का हवाला देते हुए प्रभारी प्राचार्या से माफी मांगने और मामले को रफा-दफा करने के लिए समझाने में जुटे रहे लेकिन छात्रों के अभद्र व्यवहार से नाराज प्रभारी प्राचार्या आवेदन देने की बात पर अड़ी रही लेकिन देर शाम तक किसी छात्र ने आवेदन नहीं दिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### मुजफ्फरपुर में चीनी नागरिक गिरफ्तार

# बिना दस्तावेज नेपाल के रास्ते बिहार में ली थी एंट्री

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर में चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस उससे पूछताछ करने की कोशिश कर रही है. लेकिन उसकी भाषा चाइनीज होने की वजह से ट्रांसलेटर एक्सपर्ट को बुलाया गया है. बताया जा रहा कि उसके पास वीजा व अन्य दस्तावेज नहीं है. उससे पूछताछ करने के लिए कई एजेंसियां भी पहुंच रही है.पुलिस ने उसे शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड के पास से पकड़ा है. उसकी पहचान ली जियाकी के रूप में की गयी है. जिसकी उम्र 60 साल के आसपास बतायी जा रही है. ली जियाकी के पास से मोबाइल व अन्य सामान जब्त किये गये हैं. उसकी जांच की जा रही है. उसने नेपाल बार्डर से भारत में इंट्री ली है. ली जियाकी के पकड़े जाने की सूचना पर जिला पुलिस के साथ खुफिया विभाग की टीम भी पूछताछ कर रही है. उसके अंग्रेजी नहीं जानने के कारण पूछताछ में परेशानी हो रही है. वह कुछ भी नहीं बता पा रहा है.



वहीं, उसके मोबाइल में भारतीय सिम नहीं मिला है. वह किसी कारण से भारत में बिना वीजा के आया है, किसके सहयोग से मुजफ्फरपुर तक पहुंचा है, इसकी जांच की जा रही है. बताया जा रहा कि चीनी भाषा जानने वाले किसी एक्सपर्ट की मदद से उससे पूछताछ की जायेगी. फिलहाल उसे ब्रह्मपुरा पुलिस की हिरासत में रखा गया है.

इसी साल फरवरी में रक्सौल बॉर्डर से एक चीनी नागरिक को इमीग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास से वैध पासपोर्ट एवं वीजा नहीं मिला था. जबकि उसके मोबाइल से चीन का पासपोर्ट एवं नागरिकता कार्ड की सॉफ्ट कॉपी मिली थी.

### बिहार में बदल गया स्कूलों का टाइम टेबल

# अब इतने बजे से लगेंगी कक्षाएं जानिए.. क्या है नई टाइमिंग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार के मौसम में बदलाव के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने एक बार फिर स्कूलों का टाइम टेबल बदल दिया है। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक, आगामी 10 जून से 30 जून तक सभी सरकारी स्कूलों का संचालन सुबह 6:30 से 10:50 बजे बजे तक किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इसको लेकर पूरा शेड्यूल जारी किया है।



बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, शिक्षकों को सुबह 6:20 बजे स्कूल पहुंचना होगा और साढ़े 6 बजे स्कूलों को खोलना होगा। साढ़े 6 बजे से 6:45 बजे तक प्रार्थना होगी। 6:45 बजे से 7:20 बजे तक पहली कक्षा, 7:20 से 7:55 तक दूसरी कक्षा, 7:55 से 8:30 तक तीसरी कक्षा, 08:30 से 09:05 तक चौथी कक्षा, 9:05 से 09:40 तक पांचवीं कक्षा, 9:40 से 10:15 बजे तक छठी कक्षा और सुबह 10:15 से 10:50 तक सातवीं कक्षा संचालित की जाएगी।

वहीं सुबह 10:50 से 11:30 बजे तक वर्ग तीन से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मिशन दक्ष के तहत कक्षाएं संचालित होंगी। कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों के लिए नियमित कक्षा का संचालन होगा। जिन छात्र-छात्राओं को मिशन दक्ष की जरुरत नहीं उनके लिए खेलकूद, पेंटिंग और अन्य सृजनात्मक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

शिक्षा विभाग की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक, सुबह 11:30 बजे से 12:10 तक 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा। इस दौरान कक्षा एक से आठवीं के बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन परोसा जाएगा।

# 4 आरोपियों को 7-7 साल की सजा, 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मधुबनी, 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने और कपड़ा फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में मधुबनी कोर्ट ने चार आरोपियों को 7-7 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10- 10 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। मामला मधुबनी के हरलाखी थानाक्षेत्र का है। बताया जाता है कि 12 मार्च, 2021 को गांव की एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची घास काटने खेसारी के खेत में गई थी। इसी दौरान चार आरोपी अफरोज अंसारी, रिजवान अंसारी, छोटू कामत और सरफरोश अंसारी ने उसे अकेला पाकर पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हड़कतें करने लगे। उन्होंने बच्ची के कपड़े को फाड़कर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास भी किया। बच्ची के शोर मचाने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गये। मामला थाने में दर्ज की गई। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश,ष्ठछ- 7 देवेश कुमार की अदालत ने सभी को दोषी पाते हुए 7-7 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं जमा करने पर सभी को 6 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। मामले में सरकार की ओर से विशेष अपर लोक अभियोजक कुमारी मधु रानी और पीड़िता के अधिवक्ता अजय कुमार झा यश ने अपना पक्ष रखा।



### लड़की के साथ गंदा काम कर रहा था मकान मालिक का बेटा

# किन्नरों ने नॉन स्टॉप चप्पल और झाडू बरसाए पुलिस ने बचाई जान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेगूसराय, बेगूसराय में किन्नरों का भारी हंगामा देखने को मिला है। किन्नरों ने मकान मालिक के बेटे पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी जमकर धुनाई कर दी। नाराज किन्नरों ने युवक के ऊपर नॉन स्टॉप चप्पल और झाड़ू बरसाए। हंगामे की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को किन्नरों के चंगुल से बचाया और उसे अपने साथ थाने ले गई। घटना लोहिया नगर थानाक्षेत्र के मिलन चौक की है।

दरअसल, किन्नर जब अपना कमरा बंद कर बधाई मांगने गए थे, तभी मकान मालिक के बेटे ने किन्नरों के कमरे का ताला तोड़ दिया और अपनी गर्लफ्रेंड के साथ किन्नरों के कमरे में घुस गया। जब किन्नर वापस अपने कमरे में पहुंचे तो देखा कि मकान मालिक का बेटा किसी लड़की के साथ उनके कमरे में मौजूद था। दोनों के शरीर पर एक भी कपड़े मौजूद नहीं थे।

फिर क्या था, किन्नरों ने हंगामा शुरू कर दिया और मकान मालिक से इसकी शिकायत की। मकान मालिक अपने बेटे को डांटने के बजाए किन्नरों से ही उलझ गया और उल्टे किन्नरों को ही दोषी ठहराने लगा। जिसके बाद किन्नर नाराज हो गए और मकान मालिक के बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी कस्टडी में ले लिया है लेकिन किन्नर इतने नाराज थे कि पुलिस की मौजूदगी में ही आरोपी के ऊपर चप्पल और झाड़ू बरसाते रहे। किसी तरह से पुलिस ने आरोपी युवक को किन्नरों के चंगूल से बचाकर अपने साथ थाने ले गई। युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# पटना-जसीडीह पैसेंजर में अचानक लगी आग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

लखीसराय, लखीसराय जिले के किऊल जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर उस समय हड़कंप मच गया, जब पटना से जसीडिह जा रही पटना-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन में अचानक आग लग गयी. आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. वहीं आग बुझाने की कोशिश जारी है.ट्रेन में आग लगने की खबर के बाद मौके पर पहुंची रेलवे की टीम लगातार आग बुझाने की कोशिश में जुटी हुई है वहीं इस घटना के बाद दानापुर डिवीजन के कई बड़े रेलवे अधिकारी भी मौके पर पहुंचे गये हैं. वहीं आग लगने की इस घटना में फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है.

# नालंदा और जमुई में वट सावित्री पूजा कर रही सुहागिन पर मधुमक्खियों ने किया हमला

## दर्जनों महिलाओं और बच्चों को काटा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

जम्मू 7 नालंदा, पति की लंबी उम्र को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री पूजा की। वट वृक्ष में कच्चा सुता बांधकर पति के दीर्घायु होने की कामना की। जमुई के झाझा में वट सावित्री पूजा कर रही सुहागिन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस दौरान आधा दर्जन महिलाओं को भौरों ने काट लिया। वही दूसरी घटना नालंदा के रहुई प्रखंड के सोनमा गांव की यहां भी भौरों की झुंड ने दो दर्जन सुहागिन महिलाओं को काट लिया है।

सबसे पहले बात जमुई की करते हैं जहां झाझा में पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन को लेकर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा की। रेलवे कॉलौनी स्थित पुराने केंद्रीय विद्यालय भवन परिसर में वट सावित्री की पूजा करने गई महिलाओं पर अचानक मधुमक्खी के झुंड ने हमला कर दिया। इस दौरान पूजा कर रही सुहागिन महिलाओं के बीच भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। महिलाएं मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए पूजा सामग्री छोड़कर वहां से भाग कर स्कूल परिसर से बाहर निकली।

बताया जाता है वट वृक्ष के नीचे जैसे ही सुहागिन महिलाएं पूजा करने के लिए धूप जलाई वैसे ही उठते धुंए से पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते से भौरों की झुंड ने अचानक वृक्ष के नीचे पूजा कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। इस दौरान आधा दर्जनभर महिलाओं को मधुमक्खी ने काट लिया। वही दूसरी ओर पिपराडीह, पुरानी बाजार, सोहजाना में सुहागिन महिलाओं ने विधि पूर्वक वट सावित्री पूजा किया।



अब बात नालंदा की करते हैं जहां सोनसा गांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय स्कूल के पास बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं वट सावित्री पूजा को लेकर जुटी थी। बरगद की पेड़ में महिलाएं कच्चा सूत बांध रही थी। वही कुछ महिलाए बरगद के पेड़ के पास हुमाद जला रही थी तभी धुआं होने के बाद अचानक भौरों की झुंड ने महिलाओं पर हमला कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई।

वहां से भागने के दौरान कई महिलाओं का गहना वही गिर गया। भौरों से बचने के लिए महिलाओं ने साड़ी से शरीर को ढक लिया। वही कई महिलाओं को भगाने के दौरान भौरों ने काट लिया। भौरों ने छोटे-छोटे बच्चों को भी नहीं छोड़ा उन्हें भी डंक मार दी। घायल महिलाओं और बच्चों को पास के गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया वही कुछ को निजी क्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया।